# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:12 FEB. 2026

# दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान का राष्ट्रीय शोधार्थी समागम आज से

## भारत के पुनरुत्थान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान का तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम आज से राजधानी में शुरू हो रहा है। 14 फरवरी तक चलने वाला यह कार्यक्रम भारत के पुनरुत्थान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस समागम में देश भर से 300 से अधिक शिक्षाविद्, अनुसंधानकर्ताओं के साथ स्वतंत्र शोधकर्ता सहभागिता कर रहे हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस समागम में देश भर के 30 से अधिक शिक्षाविद् और विद्वान 14 से अधिक सत्रों को संबोधित करेंगे, संवाद करेंगे और विविध विषयों पर अपने सुझाव देंगे। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। प्रख्यात विचारक एवं लेखक सुरेश सोनी यहां सारस्वत अतिथि होंगे। साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री उद्घाटन इन्दर सिंह परमार, सिद्धपीठ, श्रीहनुमन्निवास अयोध्या के पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नन्दिनीशरण और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष प्रो. मधुकर एस पडवी भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम वीर भारत न्यास, संस्कृति विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH '12 FEBRUARY.2026

# आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम

भोपाल. भारत केंद्रित शोध और पुनरुत्थान को प्रोत्साहित करने के लिए दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा 12 से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सभागार में सुबह 10:30 बजे होने वाले उद्घाटन सत्र में सीएम डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि और विचारक सुरेश सोनी सारस्वत शामिल होंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि समागम में देशभर के 300 से अधिक शिक्षाविद् और शोधकर्ता भाग लेंगे। 14 से अधिक सत्रों में विकसित भारत-2047, भारतीय ज्ञान परंपरा, शोध रणनीति और अनुसंधान के डिजिटलीकरण जैसे विषयों पर मंथन होगा। आयोजन में पद्मश्री कपिल तिवारी, पद्मश्री जेके. बजाज और आचार्य मिथिलेश नन्दिनीशरण सहित देश के प्रतिष्ठित विद्वान मार्गदर्शन देंगे। वीर भारत न्यास, उच्च शिक्षा विभाग और माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय सहित कई संस्थान इस आयोजन में सहभागिता निभा रहे हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PATRIKA '12 FEBRUARY.2026

# दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान का राष्ट्रीय शोधार्थी समागम आज से

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

भोपाल स्थित दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा तीन दिवसयी राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। समागम का उद्घाटन सत्र कल 12 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सभागार में आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि और प्रख्यात विचारक एवं लेखक सुरेश सोनी सारस्वत अतिथि होंगे। उद्घाटन सत्र में उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार, पीठाधीश्वर, सिद्धपीठ, श्रीहनुमन्निवास, अयोध्या आचार्य मिथिलेश नन्दिनीशरण एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष प्रो. मधुकर एस पडवी की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। भारत के ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी सहित अलग-अलग विषयों में भारत केन्द्रित शोध को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित इस समागम में देश भर से 300 से अधिक शिक्षाविद्, अनुसंधानकर्ता, स्वतंत्र शोधकर्ता भाग लेंगे। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत के पुनरुत्थान पर केन्द्रित शोध दृष्टि के प्रोत्साहन को लेकर संस्थान द्वारा राष्ट्रीय शोधार्थी समागम 2026 का आयोजन किया जा रहा है। वीर भारत न्यास, संस्कृति विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय इस आयोजन के सह आयोजक हैं। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष शुरु की गई समागम की यह पहल अकादमिक विमर्श को भारत केंद्रित बनाने की दिशा में सार्थक सिद्ध हुई है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इस समागम में देश भर के 30 से अधिक शिक्षाविद् और विद्वान 14 से अधिक सत्रों को संबोधित करेंगे, संवाद करेंगे और विविध विषयों पर अपने सुझाव देंगे।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि**

**विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर होगा मंथन:** आयोजन सचिव डॉ. अल्पना त्रिवेदी ने जानकारी दी कि तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में शिक्षाविद् और शोधार्थियों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षित, साझा और विस्तारित ग्रामीण, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, सतत और आर्थिक विकास में भारत केन्द्रित अनुसंधान के माध्यम से भारतीय सन्दर्भ को उपयोगी बनाने, विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के अनुरूप अनुसंधान को बढ़ावा देने, अनुसंधान विधि और सहायता के लिए नये रास्ते तलाशने, युवा शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित और सशक्त बनाने, सार्वजनिक नीति पर शोध के प्रभाव आदि विषयों पर भी विचार-विमर्श होगा।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTI '12 FEBRUARY.2026

# विकसित भारत और रिसर्च की गुणवत्ता पर आज से होंगे सत्र

भोपाल। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा 12 से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय शोधार्थी समागम का आयोजन किया जा रहा है। अलग-अलग विषयों में भारत केंद्रित शोध को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित इस समागम में 300 से अधिक शिक्षाविद, अनुसंधानकर्ता, स्वतंत्र शोधकर्ता भाग लेंगे। 12 फरवरी को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि और विचारक एवं लेखक सुरेश सोनी सारस्वत अतिथि होंगे। वीर भारत न्यास, संस्कृति विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, एनआईटीटीटीआर, मैपकास्ट तथा एमसीयू सह आयोजक हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR '12 FEBRUARY.2026